KATHY WATANABE का वक्तव्य,

सदस्य, Santa Clara City Council के लिए उम्मीदवार, **सीट 6**

व्यवसाय: नियुक्त Councilmember / कानूनी सहायक / माता

आयु: 56

शिक्षा एवं योग्यता:

मैं एक राजनीतिज्ञ नहीं हूँ। बल्कि, मैं एक ऐसी महिला हूँ जो अपने नेबरहुड में सुधार लाना चाहती है। यही कारण था कि मैंने सिटी हॉल तक की अपनी यह यात्रा शुरु की थी।

सालों पहले, Northside लाइब्रेरी ऑपरेटिंग फंड के बिना निष्क्रिय पड़ी थी। मेरे पड़ोसियों और मैंने 7 साल तक पैसे जुटाने और सिटी गर्वनमेंट पर दबाव डालने का काम किया। अंततः 2014 में हमने इसके खुलने का उत्सव मनाया। इसके अलावा मैंने old Agnews Hospital साइट पर एक नया स्कूल खोलने के लिए सालों तक सफलतापूर्वक पक्ष समर्थन किया, ताकि सैंटा क्लारा के अन्य स्कूलों पर पड़ने वाले बोझ से राहत मिले।

चूँकि मैंने नेबरहुड्स के लिए प्रभावी ढंग से पक्षसमर्थन किया है, इसलिए मुझे इस साल सिटी कौंसिल में नियुक्त किया गया। अब मैं सैंटा क्लारा के सभी इलाकों में सुधार जारी रखना चाहती हूँ। मैं नेबरहुड के हितों के लिए खड़ी रहूँगी, खासकर स्टेडियम संबंधी मुद्दे पर, जो कि Northside और शहर के सभी हिस्सों को प्रभावित कर रहा है।

49ers खेल और अन्य प्रमुख प्रतिस्पर्धाएँ हमारे शहर के लिए अच्छी हैं, वे राजस्व पैदा कर रही हैं और प्रतिष्ठा बढ़ा रही हैं लेकिन इन्हें हमारे नेबरहुड को नुकसान पहुँचाने नहीं दिया जा सकता। मैं शोर अध्यादेश को लागू करके हमारे नेबरहुड्स की रक्षा करूँगी और इस बात के लिए आग्रह करूँगी कि स्टेडियम सभी नगर सेवाओं, विशेष रूप से सार्वजनिक सुरक्षा पर आने वाली सारी लागत का भुगतान करे। हम कुछ सैंटा क्लारा नेबरहुड्स को खेल और प्रतिस्पर्धाओं के दौरान असुरक्षित नहीं छोड़ सकते। मैं आपका वोट माँग रही हूँ। कृपया www.kathywatanabe.com पर जाएँ।